RNI No. 43038/1985 Postal Reg. No.: DL(C)-14/1434/2024-26, Posting Date: 28 & 29 of the Same Month

मूल्य: 10 रुपये

**नेजाजी की जुबानी**

''जहां तक फॉरवर्ड ब्लॉक के भविष्य का प्रश्न है, हम दृढ़तापूर्वक कह सकते हैं कि यह ऐतिहासिक आवश्यकता की उपज है तो वह नहीं मरेगा। यदि यह दार्शनिक आधार पर खड़ा है तो यह अवश्य ही आगे बढ़ेगा।''–नेताजी

# जन गर्जन

वर्ष 39 अंक 6 हिन्दी मासिक नई दिल्ली जून –2024 विक्रमी संवत्–2078 प्रधान संपादक: देवब्रत बिश्वास, वार्षिक – शुल्क: 100 रुपये

## एक ऐसा चुनाव जिसमें एक तिहाई मतदाता अनुपस्थित

**जी. देवराजन**
**महासचिव**
**ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक**

लोकतंत्र का उत्सव समाप्त हो गया। अप्रैल 19 से जून की पहली तारीख तक सात चरण में होने वाला चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार 98.1 करोड़ मतदाताओं में से 64.2 करोड़ मतदाताओं ने वर्ष 2024 के चुनाव में मतदान किया जो 65.79 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि 34 करोड़ लोगों ने मतदान किया ही नहीं जो प्रतिशत की दृष्टि से 35 प्रतिशत है। सीधा मतलब निकलता है कि 100 मतदाताओं में से 35 मतदाताओं ने मतदान नहीं किया। अमेरिका दुनिया का तीसरा (आबादी की दृष्टि से) देश है जिसकी आबादी 34 करोड़ है। दूसरे शब्दों में यह कह सकते हैं कि अमेरिका की आबादी के बराबर लोगों ने यहां मतदान हीं नहीं किया है। वर्ष 2019 में कुल 91.19 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे और 61.47 करोड़ लोगों ने मतदान किया था। उस समय मतदान का प्रतिशत 67.4 प्रतिशत था। पिछले आम लोकसभा चुनाव से तुलना करने पर इस बार 2 प्रतिशत मतदान में गिरावट दर्ज हुई है।

चुनाव आयोग एवं राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव अभियान में करोड़ां रुपए झोंके गए फिर भी एक तिहाई मतदाताओं ने इस चुनावी प्रक्रिया के प्रतिकूल क्यों रहे? राजनैतिक दल, चुनाव आयोग और आम समाज को किसी भी पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर इस तथ्य की जांच करनी चाहिए।

हमारे देश की सरकार जेरेन्टोक्रेसी का अच्छा उदाहरण है। जेनेन्टोक्रेसी एक ऐसी प्रणाली होती है जिसमें देश पर शासन वह करता है जो बहुसंख्यक आबादी को अभिव्यक्त नहीं करता है। भारत 'युवाओं के देश' के रूप में जाना जाता है जहां भारत की आबादी में 25 वर्ष से कम उम्र के लोगों का भाग 50 प्रतिशत है।

देश में 35 वर्ष से कम उम्र के लोगों का भाग कुल आबादी का 65 प्रतिशत है। जबकि संसद में 94.2 प्रतिशत सांसद 35 वर्ष से अकि हैं।

निम्नलिखित तालिका देखें

| उम्र | संसद में उपस्थिति |
|---|---|
| 25–30 | 1.5 प्रतिशत |
| 31–35 | 4.4 प्रतिशत |
| 35–40 | 6.3 प्रतिशत |
| 41–45 | 10.1 प्रतिशत |
| 46–50 | 13.6 प्रतिशत |
| 51–55 | 16.7 प्रतिशत |
| 56–60 | 14.9 प्रतिशत |
| 61–65 | 14.9 प्रतिशत |
| 66–70 | 12.3 प्रतिशत |
| 71–75 | 3.5 प्रतिशत |
| 75 से ऊपर | 1.8 प्रतिशत |

(स्रोत: संसद रिकार्ड)

वर्तमान राजनैतिक नेतृत्व में शहरों में उदासीनता तथा शिक्षित युवाओं द्वारा रूचि न लिए जाने की विवेचना होनी चाहिए। बेंगलुरू भारत का आईटी (सूचना प्रौद्योगिक) क्षेत्र की राजधानी कहा जाता है और वहां विधानसभा चुनाव 2013 में मतदान प्रतिशत 63 प्रतिशत था जो वर्ष 2018 में घटकर 57 प्रतिशत हो गया तथा वर्ष 2023 में 53 प्रतिशत हो गया। इस प्रकार 10 वर्षों में 10 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। दूसरे शहरों में भी ऐसी ही स्थिति देखी जा सकती है। कोलकाता को छोड़कर देश के अन्य प्रमुख शहरों में यह गिरावट देखी जा सकती है। हैदराबाद 44.84 प्रतिशत, दक्षिण मुंबई 51 प्रतिशत, पुणे 49.89 प्रतिशत, नई दिल्ली 56.87 प्रतिशत, चेन्नई सेन्ट्रल 53.91 प्रतिशत रहा है। युवाओं का एक विशाल भाग मतदाता सूची में मतदान पत्र बनाकर, आधार नम्बर, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट के सहारे जुड़ गए थे।

बढ़ता भ्रष्टाचार एक प्रमुख कारण है कि लोगों में राजनीति के प्रति अरूचि हो गई है। देश के मंत्रियों व सांसदों के यहां छापे पड़ने पर अकूत संपदा–नगदी का भंडार, गहने जेवरात जब्त हो रहे हैं तथा बेडरूम व

*शेष पेज 2 पर...*

## संविधान की रक्षा का जनादेश

2024 के लोकसभा चुनावों में, लोगों ने भारत के संविधान और उसके गारंटीकृत लोकतांत्रिक अधिकारों और धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और सहकारी संघवाद जैसे मूल्यों की रक्षा के लिए एक निर्णायक फैसला दिया। मोदी के इर्द–गिर्द बनी अजेयता की अभेद्य आभा अचानक बिखर गई है।

चुनाव एक अभूतपूर्व सामाजिक–आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि में हुए, जिसमें असमानता, बेरोजगारी और मुद्रास्फीति का उच्च स्तर था।

चुनाव परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक बड़ा झटका था, जिन्होंने चुनाव का सामना करते हुए दावा किया था कि वे इस बार 400 (अब की बार 400 पार) से अधिक सीटें जीतेंगे। न केवल वे चार सौ सीटें पाने में बुरी तरह विफल रहे, बल्कि लोगों ने नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी को अकेले शासन करने के लिए बहुमत भी नहीं दिया। भाजपा की सीटें 2019 में 303 से घटकर 2024 में 240 हो गई हैं, जो 21% की कमी है। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 292 सीटें मिलीं, जबकि इंडिया ब्लॉक को 234 सीटें मिलीं। भाजपा को 36.56% वोट मिले, जबकि उनके नेतृत्व वाले एनडीए को लगभग 42% वोट मिले। वहीं, विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक 36% से अधिक वोट पाने में सफल रहा। चुनाव के दौरान, आम लोगों को चिंता थी कि अगर भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करती है और एनडीए गठबंधन 400 से अधिक सीटें हासिल करता है, तो भारतीय संविधान को फिर से लिखे जाने और आरक्षण जैसे अधिकारों को समाप्त करने की संभावना हो सकती है। इस संदेह को इंडिया नाम बदलने और इसे भारत के रूप में पुनः ब्रांड करने के आधिकारिक प्रयासों से बल मिला। पिछले दस वर्षों के भाजपा शासन के दौरान भारत ने अधिकारों और लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं का खतरनाक क्षरण देखा है। भारत की राजनीतिक प्रणाली, चुनावी लोकतंत्र की स्थिति को चुनावी निरंकुशता में बदल दिया गया है। साथ ही, राजनीतिक संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले दशक में हम सबने असहाय होकर सिविल सोसाइटी के कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, छात्रों और अन्य असंतुष्टों को जेल में जाते देखा है। नफरत फैलाने वाले भाषणों, मुस्लिम और ईसाई अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा और सभी प्रकार के राजनीतिक विरोध के दमन के साथ–साथ भाजपा द्वारा संस्थागत कब्जे की प्रक्रिया भी चल रही है।

संसदीय प्रक्रियाओं का स्तर भी अभूतपूर्व रूप से निम्न स्तर पर पहुंच गया, जिसमें पूरा बजट बिना बहस के पारित हो गया और अधिकांश विधेयक बिना रिकॉर्ड किए मतदान के पारित हो गए। जांच एजेंसियों और अन्य संस्थानों का ज्यादातर (दुरुपयोग) विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने और प्रतिद्वंद्वी दलों के टूटने को बढ़ावा देने के लिए किया गया।

*शेष पेज 6 पर...*

# संवैधानिक नैतिकता–प्रधानमंत्री से जुड़ा एक बड़ा प्रश्न

## संपादकीय

हाल ही में सम्पन्न हुए आम लोकसभा के चुनावी नतीजों से परिलक्षित जनादेश भारत के संविधान की स्वीकृति, मोदी की गारंटी की अस्वीकृति और मोदी के निरंकुश अधिनायकवादी शासन पर अंकुश को स्पष्ट कर देता है। परन्तु श्री मोदी ने स्वयं को सर्वग्राही लोकतंत्र के मसीहा के रूप में प्रस्तुत किया है। संविधान सदन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय पार्टी की बैठक हुई जहां श्री मोदी ने भारत के संविधान का सम्मान किया। संसद के केन्द्रीय हॉल में रखी हुई भारत के संविधान की एक प्रति को उठाकर माथे से लगाया। संविधान में वर्णित सिद्धांतों–जिससे करोड़ों–करोड़ देशवासियों में आशा, शक्ति एवं गरिमा का संचार होता रहा है के प्रति श्री मोदी ने अटूट समर्पण दर्शाया। उन्होंने आगे कहा: ''डा. बाबा साहेब अम्बेडकर के द्वारा प्रदत्त 'भारत का संविधान' और इसमें वर्णित उच्च मूल्यों के प्रति मेरे जीवन का एक–एक क्षण समर्पित है। इस संविधान के कारण ही मेरे जैसा व्यक्ति जो एक निर्धन और पिछड़ी जाति में पैदा हुआ–आज देश की सेवा का अवसर प्राप्त कर सका है।'' यह एक भिन्न मोदी हैं क्योंकि हम सबने ऐसे मोदी को देखा है जो लगातार संविधान और उसके प्रारूपों और मानदण्डों की उपेक्षा व अवहेलना करते रहे हैं।

गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी के उदय का स्मरण कीजिए। वे गुजरात प्रांत के मुख्यमंत्री बने अर्थात गुजरात प्रान्त के हर नागरिक के मुख्यमंत्री थे। मुख्यमंत्री बनते समय संविधान की शपथ भी लिया था, वहीं गुजरात दंगों के नाजुक क्षणों में उनकी निष्क्रियता अनैतिक तथा संविधान व लोकतंत्र की भावना के विरूद्ध थी। उन्होंने अपने 'राजधर्म' का पालन नहीं किया था। तीव्रतम हिंदू–मुस्लिम विभाजन को हवा देकर इसे अपनी राजनीति का हथियार बनाया तथा कॉरपोरेट जगत की अकूत धनसंपदा के बल पर राष्ट्रीय राजनीति में पदार्पण किया। इस प्रकार राष्ट्रीय राजनीति के परिदृश्य को जात–धर्म ध्रुवीकरण की ओर मोड़ दिया। हमारे बहुदलीय संवदीय लोकतंत्र के लिए 'श्री मोदी' एक क्षण के लिए भी अनुकूल व्यक्ति नहीं है और हमारे समाज के सामाजिक व सांस्कृतिक ताने–बाने को गहरे आघात दिए हैं और विगत दस वर्षों के शासन में देश की अर्थव्यवस्था व गरिमा को रसातल में पहुंचा दिया है।

एक अनियकवादी और संविधान विरोधी नेता के रूप में भयावह नोटबंदी का निर्णय स्वयं ही ले लिया। उन्होंने बार–बार संसदीय प्रणाली के प्रावधानों और मानदण्डों का खुला उल्लंघन किया है। बहुदलीय लोकतंत्र के प्रति मोदी प्रतिकूल रहे हैं और क्षेत्रीय दलों को लेकर असहज रहे हैं तथा उनको निगल जाने में तत्पर रहे हैं। कुछ माह पूर्व हम लोगों ने देखा था कि जब 151 सांसदों को निलंबित करने का असंवैधानिक कृत्य किया गया तथा इस आड़ में सीआरपीसी में संशोधन किए गए।

भाजपा–केन्द्रित से मोदी–केन्द्रित अलोकतांत्रिक राजनैतिक तर्ज पर चलकर इस बार भाजपा को अपने बल पर 240 सांसद प्राप्त हुए तो मोदी के बोलने के तौर–तरीके में बदलाव देखा गया तथा 'एनडीए की सरकार' शब्द क्रम का प्रयोग कर रहे हैं और क्षेत्रीय आकांक्षा व राष्ट्रीय हित में संतुलन साधने के सन्दर्भ में भाव व्यक्त किया है। हमारे संसदीय तंत्र में प्रधानमंत्री, मंत्री परिषद का प्रमुख होता है और उसे संविधान के अनुच्छेद 74 के अनुसार कार्य करना होता है। श्री मोदी का अलग रवैया है जो असंवैधानिक है जैसा कि अभी भी उन्हें संसद में बहुमत साबित करना है फिर भी उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को 17वीं किस्त जारी कर दिया है। प्रथम कैबिनेट की बैठक जब विभागों (मंत्रालयों) का वितरण भी नहीं हुआ था, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण व शहरी आवास निर्माण हेतु तीन करोड़ अतिरिक्त घरों के लिए सहयोग राशि देने का निर्णय कर लिया। नए सरकार के वजूद में आने के बाद कैबिनेट कमेटी के पुनर्गठन के पूर्व ही प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पी.के. मिश्रा के कार्यकालों को विस्तार प्रदान कर दिया गया।

श्री मोदी के गत दो कार्यकालों में राष्ट्रपति और संसद के प्रति कैबिनेट प्रणाली की अवहेलना तथा संयुक्त जवाबदेही का लोप देखा गया। प्रधानमंत्री कार्यालय के पास और अधिक शक्तियों का केन्द्रीकरण होता गया जिससे जवाबदेही की अवधारणा ही समाप्त हो गई। जलते हुए मणिपुर, कश्मीर और बेरोजगारी की समस्या में कोई रूचि नहीं दिखाई।

श्री मोदी ने अपने चुनावी यात्रा के वर्तमान दौर में खुलकर आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई है और हिन्दू वोटों के ध्रुवीकरण का जोरदार प्रयत्न जारी रखा तथा मंगलसूत्र से मुजरा तक पहुंच गए। संवैधानिक नैतिकता के प्रति निरादर का यह ताजा उदाहरण रहा है। पंथनिरपेक्षता हमारे संविधान का मूलतत्व है तथा इसे अपनी वाक् क्षमता के बल पर कुचलने में सदैव से तत्पर रहे हैं।

हमें श्री मोदी पर ध्यान केन्द्रित रहना होगा। उन्हें संवैधानिक नैतिकता के मूल्यों से बंधे रहना होगा। संविधान के प्रकाश में गठजोड़ सरकार चलाने हेतु आवश्यक संतुलन बनाए रखना अपरिहार्य होगा।

# एक ऐसा चुनाव जिसमें एक तिहाई मतदाता ...

*पेज 1 से जारी...*

शौचालय में बरामदगी हो रही है। इस दृश्य से राजनीति के प्रति घृणा का माहौल फैल गया है। पढ़ लिखकर, परीक्षा उत्तीर्ण कर नौकरी प्राप्ति हेतु घूस देना पड़े तो युवा के मन में राजनीति को लेकर घृणा का भाव क्यों न पसरे? जब परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हो जाएं तथा परीक्षाफल धोखाधड़ी से तैयार हो तो इस तंत्र के विरूद्ध गुस्सा विकसित क्यों न हो? सार्वजनिक संपदा के निजीकरण में वृद्धि और आरक्षण लाभ का निरस्तीकरण दिखाई दे, सभी क्षेत्रों में मजदूरों का शोषण तथा रोजगार की सुरक्षा समाप्त हो जाए तो युवाओं में विरोध तो व्याप्त होगा ही।

संसद व विधानसभाओं के सत्रों के दौरान होने वाली कुकृत्यों से बनने वाली छवि वर्तमान तंत्र के प्रति घृणा और उदासीनता को पैदा करने वाली है।

संसद से एक तिहाई सांसदों को निलम्बित कर बिना विचार विनिमय के महत्वपूर्ण कानूनों को पारित किया जाए, लोकतंत्र की गरिमा गिराई जाए तो लोकतंत्र की प्राथमिक शिक्षा का लोप तो होगा ही। विपक्ष की आवाज को कुचलने पर ऐसा होगा ही। जब विधानसभाओं व संसद की कार्यवाहियों में नियमित बाधा डाली जाती हो, व्यक्तिगत अभियोग लगाकर सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया जाए और विधायिका द्वारा विचार विनिमय न हो तो ऐसा होगा ही तथा तंत्र घृणा का पात्र होगा ही।

इसके विपरीत इस बार तो चुनाव आयोग भी आलोचना का शिकार हुआ है। चुनाव आयोग ने पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाया तथा शिकायतों पर उदासीन रहा तथा उसके लिए गए निर्णयों ने आयोग की संवैधानिक स्वतंत्रता को गिरते देखा। चुनावी क्षेत्रों में पड़ने वाले मतदानों की संख्या का ब्योरा, आयोग ने नहीं दिया बल्कि इसे प्रतिशत में प्रस्तुत किया तथा ऐसा मतदान हो जाने के कई दिनों के बाद किया गया। इस सन्दर्भ में विपक्ष द्वारा पूछे गए किसी प्रश्न का जवाब आयोग ने संतोषजनक नहीं दिया। वर्ष 2019 के चुनाव में हर चरण के चुनाव सम्पन्न होने पर प्रेसवार्ता के द्वारा चुनाव आयोग ने सीधे सामने आकर उत्तर दिया और जानकारी देने का कार्य किया था। यह सार्वजनिक कार्य इस बार नहीं हुआ। चुनाव आयोग मतदान के गिनती के पूर्व सामने आया और मीडिया से मिला। असहज प्रश्नों से चुनाव आयोग के बचने की चाल रही है जो उसने ऐसा किया। इवीएम पर उठने वाले प्रश्नों को संतोषप्रद तौर पर आयोग नहीं समझा पाया जिससे आम आदमी यह समझ पाए कि अम्पायर पक्षपातविहीन है। जहां संदेह होना ही है, तो आम जनता वहां सहयोग नहीं देती है।

भारी मात्रा में प्रवासी मजदूर अपना मत देना चाहते हैं पर इस तंत्र में ऐसा नहीं कर सके। मतदाता सूची में उनका नाम होने पर भी वैसा वे नहीं कर पाए। लोकतंत्र के इस उत्सव में बदलते तौर–तरीके व आधुनिक तकनीक के बल पर उन्हें भी मतदान देने का अवसर मिलना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से कहा था कि वह ऐसी व्यवस्था बनाए कि प्रवासी कामगार वर्ग जिस देश में हो वह मतदान दे सके। पर ऐसा कुछ भी नहीं किया गया।

स्वतंत्रता प्राप्ति के 77 वर्ष बाद भी अनेक मूलभूत विषय हल नहीं हुए। गरीबी, बेरोजगारी, बिना छत (घर) और मेडिकल सुविधा न होना आज भी चुनावी वायदों को आकर्षक बनाने का कार्य करते हैं। जिन सरकारों ने देश पर शासन किया अभी तक हर व्यक्ति को पेयजल भी नहीं प्रदान कर सके। जहां देश की सार्वजनिक सम्पदा कुछ शक्तिशाली लोगों की मुट्ठी में आ चुकी है शेष विशाल आबादी दो जून की रोटी जुटाने में असमर्थ हो रही है। चुनावी घोषणा पत्र बनाने वाले लोग यदि इसे छलावा या जुमला बोलें तो लोग राजनीति में कैसे विश्वास करें?

लोकतंत्र में मतदान सबसे बड़ा हथियार है। लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए मतदान आवश्यक है। परन्तु सामान्य तौर पर ऐसा निराशापूर्ण वातावरण तैयार हो जाता है जब आप किसी को भी मत दें और समाज का अराजनैतिकरण हो चुका हो। एक अराजनैतिक समाज तीव्रता से सर्वसत्तावाद (अधिनायकवाद) को रास्ता दे देता है। ऐसे में लोकतंत्र के अवसान की बेला जा जाती है।

# 2024 के चुनावों में भारतीय मुसलमानों का कम प्रतिनिधित्व

भारत में 2024 के आम चुनावों के नतीजों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि आम मतदाता ही अंतिम किंगमेकर है, जो लोकतंत्र में विश्वास करता है और सिस्टम (षड्यंत्र तंत्र) से आसानी से धोखा नहीं खाता। इसके अलावा 67% भारतीय मतदाता अभी भी धर्मनिरपेक्ष हैं, लेकिन हिंदुत्व ताकतों द्वारा उन्हें चुप कराने और डराने के लिए किए गए जोरदार अभियानों के कारण उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा।

जिस आत्मविश्वास के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में भाजपा के शीर्ष नेताओं ने 2024 में चुनावी मैदान में कदम रखा, उसने आखिरकार उसकी उम्मीदों को झुठला दिया और कई लोगों का कहना है कि इसने देश को असहिष्णुता और बहुसंख्यकवाद के रसातल में गिरने से बचा लिया। पूरे चुनाव अभियान के दौरान सत्ताधारी पार्टी का मुखपत्र बने रहने वाले और चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद मोदी के नारे 'अब की बार 400 पार' के अनुसार भाजपा को 400 से अधिक सीटें मिलने की भविष्यवाणी करने वाले चापलूस मीडिया को वास्तविक चुनाव परिणाम आने पर मुंह की खानी पड़ी। यह कहना भी गलत होगा कि भाजपा को आने वाले हश्र का अंदाजा नहीं था। यह इस बात से स्पष्ट है कि चुनाव प्रक्रिया के पहले चरण के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपना रास्ता बदल लिया और अपने भाषणों के माध्यम से सांप्रदायिकता के बीज बोने के अपने पुराने तरीके पर लौट आए, अपने भाषणों में मुसलमानों को निशाना बनाया, रोए और यहां तक कि खुद को भगवान बताने लगे। हालांकि, चुनाव परिणाम आने के बाद उनकी सारी शरारतें धरी की धरी रह गईं। इसके अलावा, यहां जो अधिक दिलचस्प होगा वह उन कारकों का विश्लेषण करना होगा, जो भाजपा की हार के लिए जिम्मेदार थे और जो वास्तव में 2024 के चुनावों में मुसलमानों द्वारा निभाई गई भूमिका को भी साबित करेंगे। 2024 में, विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मैदान में 78 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे गए थे, उनमें से 24 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव जीते या संसद में 4.42% की हिस्सेदारी हासिल की।

2019 के चुनावों में, 115 मुस्लिम उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था और जिसमें 26 जीते थे। इसका मतलब है कि मौजूदा लोकसभा में दो मुस्लिम सांसद कम होंगे। एक बार जब संसद में मुस्लिम सांसदों का प्रतिशत दो अंकों के करीब था, ऐसा 1980 के चुनावों में हुआ था, जिसमें 49 मुस्लिम सांसदों ने संसद में सांसदों के प्रतिनिधित्व का 9.04% हासिल किया था। केवल 15 मुस्लिम बहुल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं और 8 अन्य में मुसलमान प्रमुख स्थिति में हैं, जिससे मुस्लिम–प्रभावित निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या केवल 23 हो जाती है। इन 15 निर्वाचन क्षेत्रों में, भाजपा ने छह (2014 से दो अधिक) और कांग्रेस ने नौ (2014 से तीन अधिक) में मुस्लिम उम्मीदवारों को नामित किया था। इस वर्ष, बसपा ने 35 मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा, जो सभी राजनीतिक दलों में सबसे अधिक है। कांग्रेस 19 मुस्लिम उम्मीदवारों के साथ दूसरे स्थान पर थी, जबकि टीएमसी के पास इस बार तीसरे सबसे अधिक मुस्लिम उम्मीदवार थे। समाजवादी पार्टी (सपा) ने सिर्फ चार मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा, जिनमें से तीन यूपी से लड़े, जबकि चौथा आंध्र प्रदेश से मैदान में था। सबसे अधिक मुस्लिम उम्मीदवारों ने यूपी (22) चुनाव लड़ा, उसके बाद पश्चिम बंगाल (17), बिहार (सात), केरल (छह) और मध्य प्रदेश (चार) का स्थान रहा। 2024 में जीतने वाले मुस्लिम उम्मीदवारों की बढ़ती संख्या का एक कारण इंडिया ब्लॉक था। पिछले चुनावों में, मुसलमानों ने आम तौर पर समाजवादी पार्टी या कांग्रेस को वोट दिया था। इसलिए, 2019 के लोकसभा में, मुस्लिम वोट कांग्रेस और सपा के बीच विभाजित हो गए, क्योंकि उन्होंने अलग–अलग चुनाव लड़ा था। लेकिन इस बार सपा और कांग्रेस एक साथ रहे, इसलिए हम कह सकते हैं कि मुस्लिम वोट एकजुट रहे। मुस्लिम विधायकों की घटती संख्या को इस तथ्य के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है कि अधिकांश विपक्षी दल भाजपा के सत्ता में आने के बाद से ध्रुवीकरण की आशंका के चलते मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट देने से कतराते हैं। यह लोकसभा की ताकत का 5% से भी कम है, जो भारत में मुसलमानों की कुल आबादी से बहुत कम है, जो 2011 की जनगणना में 14% थी।

2024 में मुस्लिम विरोधी एकजुटता के कारणों को राम मंदिर के अभिषेक और सभी क्षेत्रों में पुराणों की कथा के प्रभुत्व में देखा जा सकता है। नीतिगत स्तर पर, नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) पर मोदी सरकार के कदमों को लेकर आशंकाएँ थीं: कई लोगों ने इन्हें समुदाय को अलग–थलग करने के लिए सरकारी उपकरण के रूप में देखा। इसके अतिरिक्त, दंड के बिना लिंचिंग की बढ़ती घटनाओं के साथ अंतर–समुदाय संबंध और भी खराब हो गए।

हालाँकि, भले ही कोई इस बात से खुश हो कि इतने सारे मुस्लिम उम्मीदवार जीते, लेकिन यह क्षण तथाकथित मुस्लिम धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक नेताओं और यहाँ तक कि आम मुसलमानों को भी रुकने और सोचने का अवसर देता है कि क्या भाजपा की हार उनकी जीत है या नहीं। पार्टी के उम्मीदवारों और मतदाताओं दोनों के रूप में मुसलमानों के प्रति भाजपा की घृणा के स्पष्ट हो जाने के अलावा, परिणामों के कारण हमें यह सोचने पर मजबूर होना चाहिए कि स्वतंत्रता के 77 साल बाद भारतीय मुसलमान कहाँ खड़े हैं। क्या वे राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षणिक या सामाजिक रूप से सफल रहे हैं या वे लगातार सरकारों से सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद करते हुए नीचे चले गए हैं, लेकिन एक समुदाय के रूप में, सफलता प्राप्त करने के लिए अपने दम पर पर्याप्त काम नहीं कर रहे हैं।

हालाँकि, 1947 से भारतीय मुसलमानों ने धर्मनिरपेक्ष दलों के साथ अपना रिश्ता जोड़ लिया है, फिर भी वे अखिल भारतीय उपस्थिति और स्वीकार्यता के साथ अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी बनाने में सक्षम नहीं हैं। इस उदासीन दृष्टिकोण के पीछे क्या कारण माना जाना चाहिए? उनकी ओर से इच्छा की कमी या अक्षमता?

हाल ही में एक्स पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें मुस्लिम उलेमा के एक नेता ने कहा कि वह भारतीय मुसलमानों की मुस्लिम राजनेता का समर्थन करने की इच्छा नहीं रखते हैं। वास्तव में यह उनके जैसे धार्मिक नेता हैं जिन्होंने हमेशा मुस्लिम समुदाय को धोखा दिया है और हमेशा भारतीय मुसलमानों की राजनीतिक रूप से उभरने की किसी भी योजना को विफल किया है और इसका परिणाम संसद में मुसलमानों का खराब प्रतिनिधित्व है।

(असद मिर्जा, राजनीतिक और अंतर्राष्ट्रीय टिप्पणीकार। सौजन्य: नागालैंड टाइम्स)

## संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा क्यूबा को पुन: हमेशा के लिए आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों की सूची से बाहर करना होगा

**(क्यूबा गणराज्य के विदेश मंत्रालय का बयान)**

अमेरिकी आधिकारिक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 15 मई 2024 को, देश के विदेश मंत्री ने कांग्रेस को एक और मनमाना रिपोर्ट सौंपा, जो आम तौर पर बिना किसी अंतरराष्ट्रीय जनादेश या मान्यता वाले देशों का वर्णन करती है। इस बार, उन्होंने चार देशों को सूचीबद्ध किया जो कथित तौर पर '2023 कैलेंडर वर्ष के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के आतंकवाद विरोधी प्रयासों के साथ पूरी तरह से सहयोग नहीं करते हैं।' हाल के वर्षों में जो हुआ है, उसके विपरीत, सूची में क्यूबा को ऐसे देशों में बदनाम करने के लिए शामिल नहीं किया गया है।

फिर भी, विदेश विभाग ने क्यूबा को उन देशों में से एक के रूप में रखा है जो कथित तौर पर आतंकवाद को 'प्रायोजित' करते हैं। यह पूरी तरह से एकतरफा और निराधार सूची के अलावा कुछ नहीं है, जिसका एकमात्र उद्देश्य संप्रभु राज्यों को बदनाम करना और उन पर जबरदस्ती आर्थिक प्रतिबंध लगाने के बहाने के रूप में काम करना है, जैसा कि क्यूबा पर बेरहमी से लगाया गया था। संयुक्त राज्य अमरीकी सरकार से इस तरह के अन्याय को संशोधित करने की मांग न केवल क्यूबा के लोगों और कई सरकारों द्वारा (विशेष रूप से लैटिन अमेरिका और कैरिबियन में) बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका में राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों और कई अमेरिकी राजनेताओं द्वारा भी दृढ़ता से और बार–बार ऐसी मांग की जाती रही है।

स्पष्ट और पूर्ण सत्य यह है कि क्यूबा आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करता है, बल्कि वह इसके बजाय इसका शिकार रहा है, जिसमें राज्य आतंकवाद भी शामिल है। यह एक ऐसा प्रश्न है जिसकी पुष्टि इस विषय में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति द्वारा की जा सकती है और यह संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार, उसके विदेश विभाग और उसकी खुफिया और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा बहुत अच्छी तरह से जाना जाता है। वे इस बात से भी पूरी तरह अवगत हैं कि क्यूबा की अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिबंध, कार्रवाई और डराने वाला प्रभाव कितना महत्वपूर्ण है, जो किसी भी राज्य पर स्वतः ही पड़ता है, चाहे सच्चाई कुछ भी हो।

यह स्वीकार करना पर्याप्त नहीं है कि क्यूबा संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ पूर्ण सहयोग करता है। क्यूबा पूरे अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ भी ऐसा करता है। यह एक व्यापक रूप से ज्ञात तथ्य है और इसके बारे में जनता की राय को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के पास ईमानदारी से कार्य करने और सही काम करने के सभी विशेषाधिकार हैं।

हवाना, 15 मई 2024. (क्यूबामिनरेक्स)

# दुनिया का पहला 'एग्जिट पोल स्टॉक मार्केट घोटाला'

31 मई को भारत के शेयर बाजारों में अचानक से हलचल बढ़ गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर खरीदे और बेचे गए शेयरों का मूल्य पिछले दिन से दोगुना हो गया। एक दिन में शेयरों के कारोबार में इतनी बड़ी उछाल बहुत कम देखने को मिलती है, भले ही कोई बड़ी चौंकाने वाली खबर हो। उदाहरण के लिए 12 मार्च 2020 को जब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस प्रकोप को वैश्विक महामारी घोषित किया, तो शेयर बाजार की गतिविधियां पिछले दिन से 22% बढ़ गई थी, लेकिन तब भी यह दोगुनी नहीं हुई थी। शेयर बाजार की ट्रेडिंग गतिविधि पिछली बार 16 मई, 2014 को दोगुनी हुई थी, जब चुनाव परिणाम घोषित किए गए थे और नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में पूर्ण बहुमत के साथ जीत हासिल की थी, जो तीन दशकों में पहली बार हुआ था, जो तब बहुत बड़ा आश्चर्य था। जिज्ञासु प्रश्न यह है कि–31 मई, 2024 को शेयर बाजार की गतिविधि के दोगुना होने के लिए बिल्कुल आश्चर्यजनक खबर या परिवर्तन विशेष क्या था? कुछ भी नहीं। केवल इतना ही कि यह मतदान के अंतिम चरण से एक दिन पहले था, एक ऐसा विवरण जो पहले से ही ज्ञात था। 31 मई को शेयर बाजार में भारी वृद्धि को समझाने के लिए कोई बड़ी खबर नहीं थी। फिर, बिना किसी स्पष्ट कारण के इतनी तीव्र ट्रेडिंग में कौन लोग शामिल थे? जबकि विशिष्ट निवेशक विवरण निजी जानकारी है और उपलब्ध नहीं है, एनएसई निवेशक श्रेणी के अनुसार शेयर बाजार की गतिविधि प्रकाशित करता है–खुदरा निवेशक (आम लोग), भारतीय म्यूचुअल फंड जैसे घरेलू संस्थागत निवेशक और विदेशी निवेशक। पता चला कि उस दिन शेयरों की कुल खरीद में 58% हिस्सा विदेशी निवेशकों का था। यह आश्चर्यजनक था क्योंकि पिछले सप्ताह के हर दिन, विदेशी निवेशक इतने बड़े अनुपात में खरीद नहीं कर रहे थे और शुद्ध विक्रेता थे। फिर यह दिलचस्प है कि 31 मई को, जब कोई बड़ी खबर नहीं थी, विदेशी निवेशकों का एक समूह अचानक भारत में तेजी से आगे बढ़ गया और शेयरों की भारी खरीद में शामिल होने का फैसला किया। विदेशी निवेशकों के एक समूह द्वारा इस रहस्यमय शेयर–खरीद गतिविधि को केवल अगले दिन क्या हुआ, उससे ही समझाया जा सकता है।

अगले दिन एग्जिट पोल जारी किए गए और जादुई रूप से, हर एक एग्जिट पोल ने भाजपा गठबंधन के लिए भारी जीत की भविष्यवाणी की, कुछ ने तो 400 सीटें भी जीता दीं, जो चार दशकों में पहली बार हुआ। लेकिन फिर, एग्जिट पोल जारी होने से एक दिन पहले शेयर बाजार की गतिविधि दोगुनी कैसे हो गई, जबकि संभवतः केवल पोलस्टर्स और उनके मीडिया संगठनों को ही भविष्यवाणियों के बारे में पता था और उन्हें अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया था? निश्चित रूप से, यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि शेयर बाजार में कारोबार के दोगुना होने जैसी अत्यंत दुर्लभ घटना ठीक एक दिन पहले हुई, जब कई एग्जिट पोल ने सर्वसम्मति से मोदी की भारी जीत का अनुमान लगाया था! जब सप्ताहांत के बाद 3 जून को शेयर बाजार फिर से खुला, तो यह अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो कि एग्जिट पोल द्वारा मोदी के तीसरे कार्यकाल की भविष्यवाणी के कारण था। जाहिर है, विदेशी निवेशकों के जिस समूह ने 31 मई को अचानक बड़ी मात्रा में शेयर खरीदे, उनके मूल्य में भारी वृद्धि देखी गई। 4 जून को, जब वास्तविक परिणाम घोषित किए जा रहे थे, तो यह स्पष्ट हो गया कि हर एक एग्जिट पोल गलत था, और मोदी को साधारण बहुमत पाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा था। शेयर बाजार में भगदड़ मच गई और बाजार धराशायी हो गया। मतगणना के दिन ही इसके मूल्य में 30 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई, जो इसके इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट थी। तब तक विदेशी निवेशकों ने अपने शेयर बेच दिए थे और भारी मुनाफा कमाया था। खुदरा निवेशकों (आम लोगों) के विशाल बहुमत ने अपने शेयर मूल्य में गिरावट देखी और भारी नुकसान उठाया। यह कहानी का सरल पक्ष है। इस गाथा का दूसरा, तकनीकी रूप से अधिक जटिल पक्ष यह है कि शेयर डेरिवेटिव्स का उपयोग करके शेयर बाजारों में सट्टेबाजी के माध्यम से भी भारी मुनाफाखोरी की गई थी, जिसके माध्यम से निवेशक शेयर बाजारों में वृद्धि और गिरावट दोनों से लाभ कमा सकते हैं। ये डेरिवेटिव निवेशक तब सबसे अधिक लाभ कमा रहे हैं जब जबरदस्त अस्थिरता होती है, जो कि भारतीय शेयर बाजारों ने एग्जिट पोल और वास्तविक परिणामों के बीच अनुभव किया। डेटा दिखाता है कि 31 मई और 4 जून के बीच डेरिवेटिव्स में भी भारी कारोबार हुआ। अगर एग्जिट पोल ने भाजपा की भारी जीत की भविष्यवाणी नहीं की होती, तो शेयर बाजार 3 जून को इतना ऊपर नहीं उछलता और परिणामस्वरूप 4 जून को इतनी तेजी से नहीं गिरता। यह एग्जिट पोल ही थे जिन्होंने डेरिवेटिव निवेशकों के लिए इस वांछित अस्थिरता को प्रेरित किया। यह जानबूझकर किया गया या अनजाने में, यह 30 लाख करोड़ रुपये का सवाल है। संक्षेप में, यह डेटा के माध्यम से स्पष्ट है कि एग्जिट पोल और चुनाव परिणामों के आसपास शेयर बाजार में संदिग्ध और रहस्यमय गतिविधि थी, जिससे विदेशी निवेशकों के एक समूह को फायदा हुआ, और लाखों भारतीय छोटे निवेशकों को धन की हानि हुई।

शेयर बाजार की इन दिलचस्प गतिविधियों का एक अनुमान यह है कि निवेशकों के एक खास समूह के पास एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों तक उनकी सार्वजनिक होने से पहले ही पहुंच थी और उन्होंने इस 'अंदरूनी (गलत) सूचना' से लाभ कमाया। प्रतिभूति कानूनों के तहत यह एक दंडनीय अपराध है और अधिकांश देशों में इसकी गंभीरता से जांच की जाएगी। कुछ स्पष्ट प्रश्न जो मन में आते हैं, वे हैं:

1. ये विदेशी निवेशक कौन हैं जिन्होंने 31 मई को भारत के शेयर बाजारों में भारी मात्रा में पैसा लगाया?

2. क्या उन्होंने एग्जिट पोल से लाभ कमाने के लिए उनकी भौतिक, गैर–सार्वजनिक, अंदरूनी जानकारी पर काम किया?

3. एग्जिट पोल करने वालों या इसमें शामिल मीडिया संगठनों से उनका क्या संबंध है?

4. ये निवेशक किसके पैसे या किसकी ओर से निवेश कर रहे थे?

5. इन निवेशकों को कारोबार के इन दो दिनों में कितना लाभ हुआ?

9 अक्टूबर, 2021 को ऑस्ट्रिया के तत्कालीन चांसलर को एक अनोखे घोटाले में इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने अपने पक्ष में जनमत सर्वेक्षणों में हेराफेरी की, मीडिया को इन सर्वेक्षणों को दिखाने के लिए मजबूर किया और अपना चुनाव जीत लिया। भारतीय सर्वेक्षणकर्ताओं ने शायद इससे भी बेहतर प्रदर्शन किया हो। घटनाओं के कालक्रम और शेयर बाजार के आंकड़ों से, कोई भी आसानी से अनुमान लगा सकता है कि न केवल चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए बल्कि शेयर बाजारों का उपयोग करके लाभ कमाने के लिए भी एग्जिट पोल का इस्तेमाल किया गया था। भारत ने शायद दुनिया का पहला 'एग्जिट पोल स्टॉक मार्केट घोटाला' देखा हो!

(प्रवीण चक्रवर्ती द्वारा – सौजन्य डेकन हेराल्ड)

## ओडिशा विधानसभा चुनाव में एआईएफबी उम्मीदवारों को प्राप्त मत

| नं. | विधानसभा क्षेत्र का नाम | उम्मीदवार का नाम | वोट सुरक्षित |
|---|---|---|---|
| 1 | चिकिति | कॉम. बिभुधेन्द्र पाधी | 371 |
| 2 | बेरहामपुर | कॉम. शमीम बेगम | 120 |
| 3 | गोपालपुर | कॉम. कुमारी ममता | 265 |
| 4 | दिघापहांडी | कॉम. पिंटू प्रधान | 549 |
| 5 | परलाखेमुंडी | कॉमरेड पी. मुरलीकृष्ण | 429 |
| 6 | जयपुर | कॉम. बी. हरि राव | 516 |
| 7 | धर्मगढ़ | कॉम. टंकाधा सबर | 1477 |
| 8 | लांजीगढ़ | कॉम. उधबा नायक | 1629 |
| 9 | नरला | कॉम. (डॉ.) सिबाराम नायक | 521 |
| 10 | कोरापुट | कॉम. धनुर्जय हंतल | 504 |
| 11 | भंजनगर | कॉम. राजू नायक | 659 |
| 12 | भुवनेश्वर सेंट्रल | कॉम. लक्ष्मी डोरा | 91 |
| १३ | एकाम्र भुवनेश्वर | कामरेड संतोष कुमार जति | 102 |
| 14 | कांटाबांजी | कॉम. अभिराम धरुआ | 1217 |
| 15 | पटनागढ़ | कॉमरेड चैतन्य बैग | 1169 |
| 16 | तालचेर | कॉमरेड मनोज कुमार जेना | 162 |
| 17 | नीमापारा | कॉम. जितेन्द्रिय बेहरा | 158 |
| 18 | काकटपुर | कॉमरेड रवीन्द्र नाथ कंडी | 129 |

# मेक्सिको के लोगों ने भारी बहुमत से मजदूर समर्थक प्रगतिशील शीनबाम को राष्ट्रपति चुना

एक ऐतिहासिक चुनाव में, मेक्सिको के मतदाताओं ने मजदूर समर्थक, प्रगतिशील उम्मीदवार क्लाउडिया शीनबाम को छह साल के कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुना, जो पहली महिला और पहली यहूदी व्यक्ति हैं।

